प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 30.08.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम लोगों से की वोकल फॉर लोकल का समर्थन करने की अपील।
- झारखंड में एमएमडीआर संशोधन को लेकर भाजपा और झामुमो आमने–सामने, दोनों दलों ने एक–दूसरे पर राज्य के खनिज संसाधनों और हितों को लेकर उठाए सवाल।
- रांची में आदिवासी एकता महाजुटान में शामिल हुए राज्य भर से आए लोग, अधिकार और सम्मान के मुद्दे उठे, परिसीमन में आदिवासी समाज के प्रतिनिधित्व को सुरक्षित रखने की मांग।
- मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ग्राम सभाओं को मजबूत बनाने पर दिया जोर, कहा– गांवों के विकास में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है सरकार की प्राथमिकता।
- राज्य में दो सितंबर तक बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना, रांची समेत पांच जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने कहा कि बहुत सारे लोग और विशेषकर युवा बड़ी संख्या में नशा मुक्त युवा और नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आम लोगों से त्यौहारों के इस मौसम में वोकल फॉर लोकल का समर्थन करने का भी आग्रह किया।

*******************

प्रदेश भाजपा और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के बीच सोशल मीडिया पर जुबानी जंग तेज हो गयी है। भाजपा ने कहा कि खान और खनिज (विकास और विनियमन) एमएमडीआर संशोधन से खनन व्यवस्था स्पष्ट और मजबूत होगी तथा निवेश को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा ने झामुमो पर अवैध खनन को लेकर राजनीति करने और अपने कार्यकाल में खनिज संसाधनों के दोहन का आरोप लगाया। वहीं, झामुमो ने कहा कि झारखंड के जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधनों पर राज्य के अधिकार से समझौता नहीं किया जाएगा।

*******************

रांची के मोरहाबादी मैदान में आज आयोजित आदिवासी एकता महाजुटान में आदिवासी समाज के अधिकार, पहचान, सम्मान और जल–जंगल–जमीन के मुद्दे उठाए गए। कार्यक्रम में राजनीतिक प्रतिनिधित्व और परिसीमन को लेकर सरकार की नीतियों पर वक्ताओं ने चिंता जताई। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि परिसीमन में आदिवासी समाज के हित और प्रतिनिधित्व सुरक्षित रहने चाहिए।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची के डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा की मजार पर आयोजित 219वें उर्स में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मजार पर चादरपोशी की। उन्होंने राज्य की सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नेपाल में आई भीषण त्रासदी में लापता रांची निवासी राम प्रसाद घोष के परिजनों से आज मुलाकात की। इस मौके पर मंत्री ने अधिकारियों से बात कर लापता की खोजबीन और सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए हरसम्भव प्रयास करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार भी अपने माध्यमों से लापता की खोज करने का प्रयास कर रही है।

*******************

राज्य की ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ग्राम सभा की सक्रिय भागीदारी को प्रभावी विकास की आधारशिला बताया है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी से योजनाएं अधिक प्रभावी बनती हैं और विकास का लाभ जन–जन तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं की सक्रिय भूमिका से गांवों में विकास कार्य अधिक पारदर्शी और मजबूत होते हैं। मंत्री ने

कहा कि हर नागरिक की आवाज को विकास प्रक्रिया से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्राम सभाओं को सशक्त बनाकर स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

*******************

केंद्र सरकार ने ऑनलाइन वायरल हो रहे उस ऋण स्वीकृति पत्र का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत बहुत कम ब्याज दर पर ऋण स्वीकृत किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने बताया कि यह पत्र फर्जी है। पत्र सूचना कार्यालय ने नागरिकों से ऐसे दावों के झांसे में न आने को कहा है।

*******************

रांची में स्वाइन फ्लू के मरीज मिलने के बाद पलामू जिले में भी स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। स्वाइन फ्लू से संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए अस्पतालों के आइसोलेशन वार्ड में विशेष व्यवस्था की गई है। इसके तहत पलामू स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 10 बेड सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

*******************

जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ थाना क्षेत्र से पुलिस ने साइबर अपराध में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से आठ मोबाइल फोन और दस फर्जी सिम कार्ड समेत अन्य चीजें बरामद की गई हैं।

*******************

राज्य में दो सितंबर तक कई हिस्सों में बारिश, गरज–चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने कल रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा और लातेहार में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके अलावा राज्य के कई अन्य जिलों में भी भारी बारिश और वज्रपात की आशंका जताई गई है। लोगों को बारिश और वज्रपात के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

*******************

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' के 88वें संस्करण में भाग लिया। इस अवसर पर  डॉ. मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाना नागरिकों के बीच लोकप्रिय हो गया है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल और शारीरिक गतिविधियों के लिए समर्पित करने का आग्रह किया।

*******************

एशिया कप महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट में आज भारत का सामना थाईलैंड से होगा। दुबई में यह मैच भारतीय समय के अनुसार रात साढ़े आठ बजे से खेला जाएगा। कप्तान, हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरूआत करेगा। स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी। प्रतियोगिता में आठ टीमे हैं। भारत ग्रुप–ए में थाईलैंड, हांगकांग और पाकिस्तान के साथ है।

******समाप्त*******